KIRLOSKAR BROTHERS LIMITED
A Kirloskar Group Company

Enriching Lives

एकीकृत प्रबंधन प्रणाली नीति

(ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018 और ISO 50001:2018)

किर्लोस्कर ब्रदर्स लिमिटेड एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के लिए प्रतिबद्ध है जो ISO 9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018 और ISO 50001:2018 मानकों का अनुपालन करता है। हम इस नीति के सिद्धांतों को अपनायेंगे और एक सुरक्षित, स्वस्थ और पर्यावरण के अनुकूल कार्यस्थल बनाने के लिए सकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा देंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कार्यस्थल पर लोग गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा के पहलुओं, जिन पर हमारा नियंत्रण है, की जिम्मेदारी लें। हम जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक चिंता को स्वीकार करते हैं और इसलिए ऊर्जा को सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक मानते हैं।

हम एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के प्रदर्शन में निम्न माध्यमों से लगातार सुधार करेंगे:

- पर्यावरण के अनुकूल,सुरक्षित और ऊर्जा कुशल उत्पादों के निर्माण और वितरण तथा सही गुणवत्ता और सही समय पर सेवाओं के द्वारा ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि।
- लक्ष्यों के सह–स्वामित्व बनाने और नैतिक मूल्यों के उच्च स्तर को प्रदर्शित करने के लिए प्रक्रियाओं, उत्पादों और सेवाओं के उपयुक्त प्रदाताओं के साथ साझेदारी करना।
- हितधारको की अपेक्षाओ को पूर्ण करने के लिए, सभी स्तरों पर सेवानियुक्त साथियों को शामिल करना और उनकी कार्य क्षमता को प्रशिक्षण, जागरूकता और कौशल वृद्धि के माध्यम से विकसित करना।
- उपयुक्त वैधानिक, विनियामक, कानूनी प्रावधानों और पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता, उपयोग और खपत से संबंधित अन्य प्रावधानों का पालन और संतुष्ट करना।
- एकीकृत प्रबंधन प्रणाली के उद्देश्यों को निर्धारित करना तथा उनकी उपलब्धि सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक सूचना एवं संसाधन उपलब्ध कराना और समय–समय पर उनकी समीक्षा करना।
- ऊर्जा खपत में निरंतर सुधार करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा ऊर्जा के गैर पारंपरिक स्त्रोतों का अधिकतम उपयोग करना।
- प्रदूषण के रोकथाम तथा अपशिष्टों के ''रिडक्शन–रियूज़–रिसाइक्लिंग'' द्वारा पर्यावरण की रक्षा करना एवं उनके पर्यावरण अनुकूल निष्पादन को सुनिश्चित करना।
- ऊर्जा कुशल उत्पादों तथा सेवाओं की क्रय का अनुमोदन करना जो कि ऊर्जा खपत को प्रभावित करते हैं तथा उनके सुधार हेतु गतिविधियों का निर्धारण करना।
- घटनाओं / दुर्घटनाओं और रोगग्रस्त से बचने के लिए खतरों और जोखिमों को पहचानना, उन्मूलन करना, पृथक करना तथा नियंत्रित करना।
- सभी व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी गतिविधियों में संगठन के नियंत्रण में काम करने वाले लोगों को परामर्श और भागीदारी हेतु प्रोत्साहित करना।

यह नीति सभी सेवानियुक्तों को सूचित की जाएगी और इच्छुक पार्टियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

Issue no. : 03
Issue date. : 01 November 2024
Next review date : 31 October 2027

Sanjay C. Kirloskar
Chairman & Managing Director